# केनाल रोड निर्माण के लिए आगे का सर्वे जारी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निर्माणाधीन केनाल रोड के सीमांकन हेतु सर्वे जारी। आज सुबह 8 बजे से 18 नबंर रोड राजीव चौंक से आगे का सर्वे शुरू हुआ। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं मौके पर पहुंचकर उसका निरीक्षण किए। केनाल रोड से प्रभावित हो रहे लोगो से बात किए। जिसका मकान पुरी तरह प्रभावित हो रहा है, उसे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किफायती दर पर आवास आबंटन किया जायेगा, इसके लिए उन्हे आवेदन करना होगा। सर्वे के साथ–साथ प्रधानमंत्री आवास योजना की टीम फार्म लेकर चल रही है। केनाल रोड का निर्माण पी.डब्लू.डी. विभाग द्वारा किया जाएगा, जो सड़क के मध्य से 12 मीटर दाये एवं 12 मीटर बाये के क्षेत्रफल में बनेगा, 24 मीटर का सुविधा युक्त सड़क बनेगा। नीचे से पाईप लाईन होगा, जिसके माध्यम से नाली, पानी का बहाव होगा, उपर से सड़क जायेगी। स्थानीय निवासियों के लिए यह एक बहुत उपयोगी होगा। नगर निगम भिलाई द्वारा नहर के उपर हुए अवैध कब्जो को रिक्त कराकर पी.डब्लू.डी. विभाग को सौंप दिया जायेगा। नंदनी रोड से लेकर अवंती बाई चौंक तक सड़क निर्माण पी.डब्लू.डी. विभाग द्वारा किया जायेगा। नगर निगम भिलाई द्वारा सभी से अपील की जाती है कि लाल मार्किंग के अंदर जो भी मकान या कब्जे आयेगे, उसे खाली कराया जायेगा। स्वयं के द्वारा खाली कर ले तो अच्छा है, बारिश के पहले सभी नहर के उपर से अवैध कब्जे रिक्त किए जायेगे। कब्जेधारी द्वारा स्वयं से खाली करने पर कम नुक्सान होता है, जे.सी.बी से करने पर अधिक नुक्सान होने की संभावना होती है। केनाल रोड के सीमांकन के दौरान पी.डब्लू.डी. विभाग के इंजीनियर शबनम निशा अपने दल के साथ एवं निगम के जोन क्रं. 02 आयुक्त येशा लहरे, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे अपने दल के साथ उपस्थित रहे। बरसात आने से पहले आगे का काम शुरू हो जाएगा।

